

अतिक्रमण | सड़कों पर डिस्प्ले के नाम पर कब्जा, हाफ रहा ट्रैफिक

# दस फीट तक फैला सड़कों पर सामान



**जबलपुर, नवभारत।** शहर के नगर निगम मुख्यालय के सामने इन दिनों अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो चुका है। पॉश इलाकों में शुमार तीन पत्ती रसल चौक मार्ग में बने करोड़ो के फुटपाथों पर रोजाना जूते, चप्पल, चश्मा बेल्ट एवं अन्य सामान अधिकारियों की आँखों के सामने बेचे जा रहे है। आलम यह है कि तीन पत्ती से सिविक सेंटर सडक़ के दोनों किनारों पर व्यापार करने वाले दुकानदारों ने अपने डिस्प्ले बोर्ड भी सजा रखे हैं। इन्हीं डिस्प्ले के नाम पर उन्होंने पांच से दस फीट आगे तक सडक़ पर कब्जा कर रखा है। जिससे सडके संकरी और तंग दिखाई देती हैं। वही छुट्टी और त्यौहारों के समय इन्हीं दुकानों के चलते यातायात हांफता रहता है। सिर्फ तीन पत्ती ही नहीं बल्कि मुकदमगंज, करमचंद चौक और सुपर मार्केट से बड़ा फुहारा कमानिया गेट तक अतिक्रमण एक गंभीर समस्या बन चुका है। यहां फुटपाथ और सडक़ों पर दुकानों, ठेलों और टपरों के अवैध कब्जों ने बाजार को कैद कर लिया है।

### रेंगता है यातायात

आलम यह है कि शहर के बाजारों की सडके खुलकर सांस तक नहीं ले पा रही है। जिसका खामियाजा यहां आने वाले ग्राहकों और राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। बाजार ही नहीं शहर की अन्य चौड़ी चौड़ी सड़कों में भी यातायात रेंगने को मजबूर हो गया है। पल-पल में सड़को पर लंबा जाम लग रहा है। इस अराजक व्यवस्था से लोग हलाकान हो चुके हैं। इसके बावजूद अतिक्रमणकारी व्यापारी और दुकानदार अपनी दुकानें समेटने को तैयार ही नहीं हैं। बल्कि जगह मिलते ही कब्जे जमाने को हमेशा आतुर ही नजर आते हैं।

### हद से बढ़कर बैठे दुकानदार

मालूम हो कि सुपर मार्केट से कमानिया गेट तक करी दूरी करीब पौना किमी की है। जिसमें सुपर मार्केट से गंजीपुरा चौक तक सडक़ संकरी है, वहीं इसके आगे कमानिया गेट तक अच्छी खासी चौड़ी सडक़ चलने को है। लेकिन पूरे रस्ते में एक भी जगह ऐसी नहीं है, जहां वाहन बिना ब्रेक लगाए या रुके गुजर सके। सामान्य दिनों में भी इस रोड पर हर घंटे कहीं न कहीं जाम लग जाता है। हर दुकानदार अपनी हद से बाहर दुकान सजाकर बैठा हुआ है।

### मदद के बहाने धर्म परिवर्तन का दबाव

**जबलपुर।** केंट थाना क्षेत्र में एक असहाय महिला को आर्थिक मदद का झांसा देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सपना मलिक केंट इलाके में अपने बेटे के साथ रहती हैं। कजरवारा में उनकी मुलाकात राजेश सिलास से हुई। राजेश ने खुद को मददगार बताते हुए महिला को बहन कहा और भरोसा दिया कि वह उसे अपना भाई समझे। इस तरह उसने महिला का विश्वास जीता और बातचीत शुरू की। विश्वास जीतने के बाद राजेश सिलास महिला के घर पहुंचा और आर्थिक सहायता के नाम पर 2,000 दिए। इसके बाद वह लगातार मदद का नाटक करता रहा। डुमनाले गया वहां उसकी मुलाकात रवि से कराई गई। जिसने 10,000 नकद दिए और सीधे ईसाई धर्म अपनाने की शर्त रख दी। रवि ने लालच दिया कि अगर वह दूसरी महिलाओं और लोगों को भी ईसाई धर्म से जोड़ेगी, तो उसे हर महीने मोटा पैसा मिलेगा। दोनों ने महिला को ईसाई धर्म से जुड़ा साहित्य, बाइबल, यीशु मसीह की तस्वीर और गले में पहनने के लिए क्रॉस का लॉकेट थमा दिया। आरोपियों ने महिला के घर में जबरन ईसाई प्रार्थना भी आयोजित की। आरोपियों ने महिला पर मानसिक दबाव बनाना शुरू कर दिया। रोज-रोज की प्रताड़ना और मानसिक दबाव से तंग आकर सपना मलिक केंट थाने पहुंचीं और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# सेंट मैरी स्कूल में धर्मांतरण पर बवाल

बजरंग दल और विहिप का हंगामा, एफआईआर दर्ज



**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर सुहागी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हर्ष नगर स्थित सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल में जबरन कराए जा रहे धर्मांतरण पर भारी बवाल खड़ा हो गया। रविवार को हिंदूवादी संगठनों ने भारी हंगामा किया। सूचना मिलते ही बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। संगठनों के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि स्कूल परिसर के भीतर सीधे-साधे लोगों को गुमराह किया जा रहा था। यहाँ लोगों को यह झांसा दिया जा रहा था कि यदि वे ईसाई धर्म अपना लेंगे, तो उनके जीवन के सारे कष्ट दूर हो जाएंगे। इतना ही नहीं, पैरालिसिस समेत कई अन्य गंभीर बीमारियों को प्रार्थना के माध्यम से पूरी तरह ठीक करने का अंधविश्वास फैलाया जा रहा था। इसके साथ ही, धर्म बदलने के बदले लोगों को मोटी रकम देने और हर तरह की आर्थिक मदद करने का प्रलोभन भी दिया जा रहा था। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### दो साल से चल रहा धर्मांतरण का खेल

हंगामा कर रहे कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि सेंट कान्वेंट स्कूल में धर्मांतरण का यह खेल पिछले करीब 2 साल से लगातार गुप्त रूप से संचालित किया जा रहा था। रविवार को पुख्ता जानकारी मिलने के बाद ही कार्यकर्ताओं ने वहां पहुंचकर इस गतिविधि को रंगे हाथों पकड़ा। परिसर में हंगामे और तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थिति को संभाला और मामले को शांत कराया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों अजय चौरसिया, कुमार राठौड़ और कोमल सिंह लोधी ने दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी, ऐंठे 5000

पुरानी बस्ती सुहागी की रहने वाली अनिता बेन और लक्ष्मी बेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लंबे समय से पारिवारिक समस्याओं से परेशान थीं। पड़ोसियों की बातों में आकर वे अपनी तकलीफों के हल के लिए सेंट मैरी स्कूल पहुंचीं। वहां उनकी मुलाकात पीटर जोसेफ नाम से हुई। पीटर ने महिलाओं की मजबूरी को भांपते हुए उन्हें अपनी प्रार्थना सभा में शामिल होने को कहा। पीड़ित महिलाओं ने पुलिस को बताया कि पीटर जोसेफ ने उन पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया। आरोपी ने दावा किया कि तुम लोग ईसा मसीह की शरण में आ जाओ, तुम्हारी सारी बीमारियां और परेशानियां दूर हो जाएंगी। इतना ही नहीं, आरोपी ने उन्हें ईसाई बनने के बदले मोटी रकम और घर के राशन-सामग्री की मदद देने का बड़ा प्रलोभन भी दिया। अनिता और लक्ष्मी ने अपनी आस्था से समझौता करने से साफ इनकार कर दिया और धर्म बदलने की शर्त ठुकरा दी। इस बात पर आरोपी पीटर भड़क गया। उसने हिंदू देवी-देवताओं के लिए अत्यंत अमर्यादित और अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद भी उसने प्रार्थना के नाम पर भोली-भाली महिलाओं से 5000 नगद ऐंठ लिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पीटर जोसेफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।

# पेट्रोल पंप बेचने के नाम पर 88 लाख की ठगी



**नवभारत, जबलपुर।** पेट्रोल पंप बेचने के नाम पर जालसाजों ने अनुबंध कर तय 88 लाख रूपए ऐंठ लिए और बाद में वही पेट्रोल पंप किसी तीसरे व्यक्ति को बेच दिया। अधारताल पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक विशाल जैन (36) निवासी सुहागी, अधारताल को दीपिका सिंह राजपूत और अनिकेत सिंह ने कुसली कटंगी रोड स्थित पेट्रोल पंप बेचने के लिए उनसे संपर्क किया था। सौदे की कुल कीमत 80 लाख रुपये निर्धारित की गई थी। इसके बाद 26 मार्च 2025 को बाकायदा एक कानूनी अनुबंध पत्र भी तैयार कराया गया था। समझौते के तहत पूरी रकम मिलने पर पेट्रोल पंप विशाल जैन के नाम ट्रांसफर किया जाना था। विशाल ने आरोपियों पर भरोसा करते हुए तय राशि से अधिक, यानी कुल 88 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। यह पूरी ट्रांजैक्शन आरटीजीएस, बैंक चेक और यूपीआई के माध्यम से किया गया।

### किसी और को बेच दिया पंप, नहीं लौटाई रकम

पैसे हड़पने के बाद भी आरोपियों ने पेट्रोल पंप विशाल के नाम ट्रांसफर नहीं किया। दिसंबर 2025 में पीड़ित को गहरा झटका लगा जब उसे पता चला कि आरोपियों ने वह पेट्रोल पंप किसी तीसरे व्यक्ति को बेच दिया है, जो वर्तमान में उसका संचालन भी कर रहा है। जब विशाल ने अपने 88 लाख रुपये वापस मांगे, तो आरोपी पिछले 5 महीनों से पैसे लौटाने में टालमटोल करते रहे। आखिरकार 31 मई 2026 को पीड़ित विशाल जैन ने अधारताल थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मामले में आरोपी दीपिका सिंह राजपूत और अनिकेत सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# अधिवक्ता और भाई को शराब दुकान में बंधक बनाकर किया जानलेवा हमला, हालत गंभीर

गुंडागर्दी के विरोध में अधिवक्ताओं ने घेरा थाना एफआईआर दर्ज

ओवररेटिंग का विरोध करने पर वारदात



नवभारत, जबलपुर। माढ़ोताल थाना अंतर्गत चुंगी नाका शराब दुकान में रविवार शाम को प्रिंट रेट से ज्यादा दाम पर बीयर बेचने का विरोध करने पर दुकान के कर्मचारियों ने एक वकील और उनके चचेरे भाई को दुकान के भीतर खींचकर बंधक बना लिया। इसके बाद लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। दोनों युवकों के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। गुंडागर्दी के विरोध में अधिवक्ताओं ने थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार करमेता निवासी अधिवक्ता अमित यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच उनका चचेरे भाई आकाश यादव चुंगी नाका स्थित शराब दुकान पर किंगफिशर बीयर खरीदने गया वहां मौजूद सेल्समैन प्रिंट रेट से अधिक पैसों की मांग कर रहे थे। जब आकाश ने इसका विरोध किया और शिकायत के लिए उसे फोन लगाने लगाने को हुआ तो कर्मचारियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और विवाद शुरू कर दिया।

### मालिक बोला, जिंदा मत छोड़ना

भाई के साथ अभद्रता की सूचना मिलते ही अधिवक्ता अमित यादव तुरंत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव की कोशिश की। अमित के पहुंचते ही दुकान के कर्मचारी और उग्र हो गए। पीड़ितों के मुताबिक, कर्मचारियों ने चिल्लाकर कहा कि दुकान मालिक पहरियाका साफ निर्देश है कि इन्हें अंदर ले जाकर तरीके से मारो, ये जिंदा बचकर नहीं जाने चाहिए, बाकी हम देख लेंगे।

### पिता के पहुंचने पर बची जान

दुकान के बाहर खड़े विक्की सोनी और सोनू चौबे ने जब अंदर से चीखें सुनीं, तो उन्होंने तुरंत अमित के पिता रामसुजान यादव को फोन कर घटना की जानकारी दी। पिता रामसुजान यादव आनन-फानन में मौके पर पहुंचे, तब कहीं जाकर कर्मचारियों ने दोनों लहूलुहान भाइयों को कमरे से बाहर निकाला। मामले की जानकारी लगते ही ही अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनीष मिश्रा समेत अन्य अधिवक्ता बड़ी संख्या में पहुंचे इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### घसीटकर ले गए, कमरे में बंधक बना किए वार

इसके बाद आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी अमित और आकाश को घसीटते हुए दुकान के भीतर बने एक कमरे में ले गए और शटर व दरवाजा बंद कर दिया। कमरे के अंदर दोनों भाइयों को घेरकर लाठी, डंडों और लोहे की भारी रॉड से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया गया। दोनों भाई खुद को बचाने के लिए चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन हमलावर लगातार उनके सिर और माथे पर जानलेवा वार करते रहे।

# नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र ने निकाली तंबाकू जागरुकता रैली



**नवभारत, जबलपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नव ज्योति नशा मुक्ति केंद्र, अवधपुरी ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं रोटरी क्लब जबलपुर साउथ के साथ आदि शंकराचार्य चौक से नशा मुक्ति रैली निकाली। जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल, रोटरी अध्यक्ष सारंग भिड़े एवं ब्रह्माकुमारी विमला दीदी के आतिथ्य में आयोजित इस रैली में संदीप जैन ने तंबाकू से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान संस्था के हेमंत सोलंकी ने नागरिकों को रोककर तंबाकू छोड़ने का संकल्प दिलवाया।

रैली के दौरान हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने बताया कि तंबाकू व सिगरेट के सेवन से कैंसर के साथ-साथ हृदय रोग बढ़ने की संभावना भी प्रबल रहती है। इसके सेवन से हमारे हृदय में गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं और कम उम्र में ही युवाओं में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं, जिसका एक मुख्य कारण तंबाकू में मौजूद निकोटिन है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी विमला दीदी द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया और उन्होंने जनमानस के अवलोकन के लिए एक नशा मुक्ति प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमंत सोलंकी, नीरज राजक, डॉ. सरकार, लखन अहिरवार और प्रियंका यादव का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय से विमला, पूजा, विकास और रोटरी क्लब जबलपुर साउथ से सारंग भिड़े, राकेश गिनोरिया, अमित खंडेलवाल, रश्मि सोलंकी तथा राधिका अहिरवार आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

### यात्रियों को मिलेगी खानपान की बेहतर सुविधा

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुविधाओं का विस्तार करते हुए रेलवे प्रशासन अब कोच रेस्टोरेंट के बाद कंटेनर कैफे शुरू करने जा रहा है। यह कैफे प्लेटफार्म क्रमांक 6 के प्रवेश द्वार के पास बनाया जा रहा है, ताकि यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकलने के दौरान आसानी से खान-पान की सुविधा उपलब्ध हो सके। बता दे कि वर्तमान में स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म के अंदर और बाहर खान- पान की कई सुविधाएं मौजूद हैं। वही प्लेटफार्म नंबर छह के बाहर पहले से रेल कोच रेस्टोरेंट भी संचालित हो रहा है। मालूम हो कि इस कंटेनर कैफे के निर्माण और संचालन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं।

# अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, अधेड़ की मौत

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कटंगी बाईपास रोड पर एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तुरंत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सिद्धबाबा घमापुर के साहू मोहल्ला निवासी बद्रीप्रसाद साहू (52) किसी काम से जा रहा था। जब वे पीएम कटंगी बाईपास रोड पर पहुँचा, तभी अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में बद्रीप्रसाद को शरीर और सिर पर गंभीर चोटें आईं। हादसे की खबर लगते ही बेटा सौरभ साहू मौके पर पहुँचा और स्थानीय लोगों की मदद से अपने पिता को गंभीर हालत में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल पहुँचते ही डॉक्टरों की घायल का परीक्षण शुरू किया। हालांकि, अत्यधिक खून बह जाने और गंभीर चोटों के कारण बद्रीप्रसाद साहू को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल से मिली सूचना पर माढ़ोताल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर ब्रिज के पास हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रामसजीवन उर्फ लाला साहू (47) निवासी ग्राम मोहरवां, थाना सिमरिया, जिला रीवा का शाम करीब 7 बजे कुशनेर ब्रिज के पास रामसजीवन सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के तुरंत बाद उनके साथी अनिकेत मिश्रा उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

# पुलिस कस्टडी से आरोपी के भागने की उड़ी अफवाह

कोर्ट में पेश तीनों वारंटी भेजे गए जेल

**जबलपुर।** विक्टोरिया अस्पताल परिसर में रविवार को उस समय अचानक अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस अभिरक्षा से हथकड़ी समेत एक आरोपी के भागने की अफवाह फैल गई। मामले को लेकर पुलिस ने स्पष्ट किया कि हिरासत से कोई भी आरोपी नहीं भागा है और पकड़े गए तीनों वारंटियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार लार्डगंज पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों अनिल सोनी, बिन्नू झारिया और शुभम मिश्रा को गिरफ्तार किया था। नियमानुसार, न्यायालय में पेश करने से पहले पुलिस टीम तीनों को मेडिकल जांच के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। इसी दौरान अस्पताल परिसर में किसी अन्य बात को लेकर विवाद हुआ और एक अज्ञात व्यक्ति वहां से भागा, जिसे देख लोगों ने पकड़ो-पकड़ो का शोर मचा दिया। अस्पताल में अचानक मचे हंगामे और शोर को सुनकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी स्थिति को संभालने के लिए उस व्यक्ति की तरफ दौड़ पड़े। पुलिस को इस तरह अचानक दौड़ते देख अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों व अन्य के बीच यह गलतफहमी बन गई कि पुलिस की गिरफ्त से ही कोई आरोपी हथकड़ी लेकर भाग निकला है। देखते ही देखते यह अफवाह आग की तरह फैल गई। मामले को लेकर लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह ने स्पष्ट किया है। कि पुलिस टीम वारंटियों को लेकर अस्पताल पहुंची थी। उसी समय वहां किसी अन्य कारण या आपसी झगड़े की वजह से कोई व्यक्ति भागा था। उसे पकड़ने के लिए पुलिस भी दौड़ी, जिसके बाद यह अफवाह फैल गई कि आरोपी कस्टडी से भागा है जबकि आरोपी नहीं भागा। पुलिस ने अस्पताल में चेकअप की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों आरोपियों को बिना किसी देरी के कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। उप निरीक्षक अरविंद सिंह एवं स्टाफ ने सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म और वेटिंग हाल में मौजूद यात्रियों को रेल सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में जानकारी दी। अभियान के दौरान यात्रियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस सामान की जानकारी मिलने पर तत्काल आरपीएफ या जीआरपी को सूचित करें।साथ ही मोबाइल, पर्स, बैग और अन्य कीमती सामान की सुरक्षा स्वयं करने की सलाह दी गई। वही यात्रियों को अनजान व्यक्तियों से खाने-पीने की वस्तुएं स्वीकार नहीं करने, बिना कारण चेन पुलिंग नहीं करने तथा अनधिकृत रूप से दिव्यांग और महिला कोच में यात्रा नहीं करने के लिए भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि नियमों के उल्लंघन पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। अभियान का उद्देश्य यात्रियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यशाला | कार्यक्रमों की रुपरेखा के लिए भाजपा महानगर की कार्यशाला आयोजित

# पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा करेगी 5 से कार्यक्रम



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश नेतृत्व की कार्ययोजना से आगामी 5 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, कार्यक्रमों हेतु भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर की कार्यशाला जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला प्रभारी आलोक संजर, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, डॉ जितेंद्र जामदार,, दीपांकर बैनर्जी, महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई।

भजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि संगठन ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जो 5 जून पर्यावरण दिवस से प्रारम्भ होकर 21 जून योग दिवस तक आयोजित किये जायेंगे। श्री सोनकर के अनुसार कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक पेड़ माँ के नाम को समर्पित करते हुए पौधारोपण, जनप्रतिनिधयों का विशेष जनसंपर्क अभियान आयोजित होगा जिसमे वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, अर्थात विकास के काम का भ्रमण, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होंगे। इसी के साथ जिले के प्रमुख 500 प्रबुद्धजनों से संपर्क, प्रत्येक विधानसभा में एक दिवसीय प्रवास, मीडिया संवाद, प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला, प्रबुद्ध एवं व्यापारी की सभागार बैठक, मंडल स्तर पर विश्वयोग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस दौरान भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा देवी अहिल्या बाई होल्कर की जन्म जयंती पर भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। वहीं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के लिए जो काम किए है उनसे देश के नागरिक सहित विदेश में भी भारत की साख बढ़ी है, उन्होंने अपना प्रत्येक क्षण भारत माता की सेवा में दिये है आज उनके कार्यकाल को आजाद भारत के स्वर्णिम कार्यकाल में जाना जाता है, ऐसे संगठन द्वारा तय कार्यक्रम व्यवस्थित, सुंदर और गरिमामय हो ऐसा हमारा प्रयास होना चाहिए। कार्यशाला में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, संदीप रजक, राममूर्ति मिश्रा, डॉ वाणी अहलुवलिया, श्रीकान्त साहू, कांति रावत मिश्रा, अभय सिंह ठाकुर, राजेश मिश्रा, रजनीश यादव, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, प्रणीत वर्मा, तृष्णा चटर्जी, कौशल सूरी, संकल्प पाठक, काके आनंद, दीप महदेले के साथ मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, जिला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।